आकाशवाणी केन्द्र शिमला
02.02.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

## वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि केंद्रीय बजट कृषि, ग्रामीण समृद्धि और शहरी विकास पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। कल नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि बजट विकसित भारत की ओर अग्रसर होने का आधार तैयार करता है। उन्होंने कहा कि छह विशिष्ट सुधारों की पहचान की गई है जिन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

## बजट प्रतिक्रिया

भाजपा ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा कल पेश किए गए बजट की सराहना की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.नड्डा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि ये बजट सर्व जनहिताय और सर्व जनसुखाय के साथ ही विकसित भारत निर्माण के संकल्प की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नड्डा ने कहा कि ये आम बजट सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के नव–निर्माण को दिशा प्रदान करेगा। विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर ने कहा है कि केंद्रीय बजट आम आदमी की आकांक्षाओं और विकसित भारत के लक्ष्य का रोडमैप है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि इस बजट में युवा, किसान, गरीब और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में लोगों की भी मिलीजुली प्रतिक्रिया आई है।

## 'मेरी पॉलिसी–मेरे हाथ

कृषि विभाग ऊना द्वारा कल जिला में प्रधानमंत्री फसल बीमा अथवा मौसम आधारित फसल बीमा फसल बीमा के लाभार्थी हैं को 'मेरी पॉलिसी–मेरे हाथ' अभियान का शुभारंभ किया गया। ये अभियान 15 मार्च तक चलेगा और इसके माध्यम से सभी किसानों को उनकी फसल के बीमे के दस्तावेज पहुंचाए जाएंगे ताकि दस्तावेजों के अभाव में फसल को नुकसान होने पर मुआवजा पाने के लिए किसी भी प्रकार की मुश्किल का सामना न करना पड़े। ऊना कृषि विभाग के उपनिदेशक कुलभूषण धीमान ने बताया कि इस वित्त वर्ष में जिले में खरीफ के मौसम में मक्की की फसल का 19 हजार 177 किसानों ने बीमा करवाया था, जबकि रबी के मौसम में 20 हजार 152 किसानों ने 7 हजार 186 हैकटेयर भूमि पर उगाई गई गंदम की फसल का बीमा करवाया है।

## समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग को डिजिटल कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए हैं। शिमला में कल विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए वर्ष 2024–25 के दौरान ग्राम पंचायत भवनों में 7 सौ 80 कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए गए हैं।

## बसंत पंचमी

आज बसंत पंचमी है। हिंदू पंचांग के अनुसार बसंत पंचमी हर वर्ष माघ महीने की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। ये दिन खास तौर पर बसंत ऋतु के आने और माँ सरस्वती की पूजा का होता है। इस दिन विद्या, ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा का विशेष महत्त्व है।

उधर कुल्लू जिला में बसंत पंचमी के अवसर पर भगवान रघुनाथजी की शोभा यात्रा निकाल कर उन्हें ढालपुर मैदान तक लाया जाएगा

## पीएम सूर्य योजना

केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना हिमाचल के तहत राज्य में एक से दस किलोवॉट के सोलर पैनल लगाने के लिए  एक लाख 53 हजार उपभोक्ताओं ने पंजीकरण करवाया है। प्रदेश में 4 हजार 721 घरों में सोलर रूफटॉप पैनल लग भी चुके हैं। इसके लिए उपभोक्ताओं को 40 से 60 फीसदी तक की उपदान दिया जा रहा है। योजना का लक्ष्य मार्च 2027 तक प्रदेश में 90 हजार घरों को सोलर बिजली से जोड़ना है।